# यूपीईएस के छात्र-छात्राओं ने तैयार किया फ्लेक्स फ्यूल

- इथेनाल मिश्रण के साथ फ्लूक्स ईंधन तैयार करने में मिली सफलता
- यह ईंधन भविष्य में पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम करेगा

जागरण संवाददाता, देहरादून: यूपीईएस यूनिवर्सिटी में बीटेक कर रहे पांच छात्रों ने नवाचार के तहत एप्लाइड पेट्रोलियम इंजीनियरिंग-गैस की पढ़ाई करते हुए इथनाल मिश्रण के साथ फ्लेक्स ईंधन तैयार किया है। यह ईंधन भविष्य में पेट्रोल-डीजल और विद्युत पर ऊर्जा की निर्भरता को कम करेगा। इस फ्लेक्स ईंधन से वाहन चलेंगे।

बीटेक के छात्र पुष्पेंदु सिन्हा, ऋषभ किंगर, सिद्धार्थ राज, विवेक नेगी और वरुण सिंह कुशवाह ने दूरदर्शी परियोजना के रूप में फ्लेक्स फ्यूल विकसित किया है। छात्रों ने दावा किया कि इस नए ईंधन का निर्माण भविष्य में ईंधन की कमी को दूर करने के लिए किया जा रहा है। इस मिशन की अभी यह शुरुआत है, भविष्य में इस दिशा में नवाचार जारी रहेगा और इसकी गुणवत्ता को बेहतर बनने की दिशा में अनुसंधान जारी रहेगा। ऊर्जा विकल्प स्रोत के रूप में विकसित करने में विवि और बीटेक के अन्य छात्रों का सहयोग लिया जाएगा।